नईदुनिया

नितिन नबीन के भाषण का कूटरचित वीडियो प्रसारित करने का आरोप, भाजपा ने की शिकायत



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के संबोधन का कूटरचित वीडियो इंटरनेट माध्यमों पर प्रसारित करने के आरोप में भाजपा ने कांग्रेस के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल के साइबर अपराध थाने पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता पीसी शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल ने उनके विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

भाजपा नेताओं ने शिकायत के साथ नितिन नवीन के संबोधन का मूल वीडियो भी प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पीसी शर्मा ने अपने फेसबुक खाते से संपादित वीडियो साझा किया। मूल वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर उसमें ऐसे भ्रामक वक्तव्य जोड़े गए, जिनसे नितिन नवीन के बयान का अर्थ बदल गया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि ऐसा जानबूझकर दुष्प्रचार करने, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं की छवि धूमिल करने तथा जनता के मन में सरकार के प्रति अविश्वास पैदा करने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने इस पूरे मामले में कांग्रेस से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है।

राहुल कोठारी ने कहा कि कांग्रेस कूटरचित वीडियो प्रसारित कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के वीडियो से भाजपा कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। साथ ही समाज में भ्रम और अशांति फैलने की आशंका भी है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-सी, 66-डी, 67 और 67-ए तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 336, 336(4), 340, 352, 353 और 61 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। शिकायत के दौरान भाजपा के कानूनी एवं विधिक कार्य विभाग के प्रदेश संयोजक सतीश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अशोक विश्वकर्मा, जिला महामंत्री चेतन भार्गव, प्रदीप शेखावत और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिकायत में जिस वीडियो को संपादित बताया गया है, उसमें नितिन नवीन एससीओ सम्मेलन में पाकिस्तान को आमंत्रित करने, चीन के साथ हुए समझौते और तेजस मार्क-1ए विमान को लेकर कथित बयान देते सुनाई दे रहे हैं। वीडियो में पाकिस्तान को सम्मेलन में बुलाने के संबंध में चीन के दबाव और तेजस विमान के इंजन की आपूर्ति में अमेरिका की भूमिका का उल्लेख भी है।

मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पावन पर्व कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि सनातन संस्कृति की अद्भुत आभा और भारत की गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा का यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार करें। देव दीपावली की दिव्य रोशनी प्रत्येक घर-आंगन में खुशियां लाए, यही मंगलकामना है।

उद्यमिता को बढ़ावा दे रही सरकार



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में उद्यमिता की भावना का निरंतर विकास हो रहा है। प्रदेश में किए जा रहे नवाचारों और सफल कार्यक्रमों को गति देने के साथ इनके बारे में भारत सरकार के संबंधित विभागों को समय-समय पर जानकारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ग्रामीण विकास, कृषि, राजस्व, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों के केंद्र सरकार के समक्ष विचाराधीन विषयों पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में हुए कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और प्राथमिकता वाले विषयों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिलों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा। केंद्र सरकार से इन कार्यों के लिए अपेक्षित सहयोग प्राप्त करने के संबंध में भी अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने बैतूल जिले में कुकरू नेचुरल के तहत स्थानीय उत्पादों के विपणन को महत्वपूर्ण बताया। कुकरू क्षेत्र कॉफी के साथ कोदो-कुटकी, आंवला, शहद, हर्रा, बहेड़ा, सफेद मूसली और भिलवा जैसे प्राकृतिक उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। इन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और वन विभाग के सहयोग से इकाइयां स्थापित की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि कुकरू में दुग्ध उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए रबड़ी, मावा और दही सहित अन्य दुग्ध उत्पादों के विक्रय केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं। यहां रोबुस्टा और अरेबिका कॉफी की खेती, उत्पादन और प्रसंस्करण के लिए एक करोड़ रुपये की परियोजना स्थापित करने का प्रस्ताव है। कॉफी बोर्ड और वन विभाग ग्रामीणों को तकनीकी सहयोग देंगे।

मुख्यमंत्री ने राजगढ़ के स्व-सहायता समूहों द्वारा नई दिल्ली तक दूध की आपूर्ति, उज्जैन सहित अन्य जिलों में आदर्श जनपद पंचायत भवनों का निर्माण, कृषि यंत्रीकरण, पराली प्रबंधन, दो पंक्ति संकर बीज उत्पादन पद्धति, धान बीज उत्पादन केंद्र, प्रस्तावित लड्डू गोपाल योजना और भू-स्थानिक पहचान प्रणाली में प्रदेश के प्रयासों का उल्लेख किया।

संत लाल दास साईं के सान्निध्य में सत्संग गूंजे 'आयो लाल झूलेलाल' के जयकारे



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः चकरभाठा के संत लाल दास साईं के सान्निध्य में गुरुनानक टेकरी स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में आध्यात्मिक सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और अनुयायियों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

सत्संग के दौरान संत लाल दास साईं जी ने वरुण देव के अवतार भगवान झूलेलाल जी की पावन कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल ने धर्म की रक्षा और अत्याचार के अंत के लिए अवतार लिया था। उनका जीवन हमें हर परिस्थिति में धैर्य रखने और सत्य, प्रेम व एकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। साईं जी ने कहा कि भगवान झूलेलाल की भक्ति और निस्वार्थ सेवा से ही जीवन में सच्ची शांति और सुख की प्राप्ति होती है।

कथा के दौरान 'आयो लाल झूलेलाल' के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर भजन-कीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक पल्लव और महाआरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। विधायक भगवान दास सबनानी, मनीष दरयानी, किशोर तनवानी, राजेंद्र मनवानी, अमर दावानी और जयराम दास आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

महोड़िया गांव पहुंचे 'पंचायत' के सितारे तीन दिसंबर से आएगा पांचवाँ सीजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लोकप्रिय वेब धारावाहिक 'पंचायत' के कलाकार सोमवार, 23 नवंबर को सीहोर जिले के महोड़िया गांव पहुंचे। इस दौरान सचिवजी की भूमिका निभाने वाले जितेंद्र कुमार, प्रधानजी बने रघुबीर यादव, नीना गुप्ता और रिंकी का किरदार निभाने वाली संविका सहित धारावाहिक के कई प्रमुख कलाकार मौजूद रहे। कलाकारों की मौजूदगी के बीच इसके पांचवें सीजन को लेकर भी चर्चा रही। नए सीजन का आधिकारिक प्रचार दृश्य जारी हो चुका है। इसका प्रसारण तीन दिसंबर 2026 से शुरू होगा।



पांचवें सीजन की कहानी में फुलेरा गांव की राजनीति का बदला हुआ समीकरण दिखाई देगा। प्रधानजी यानी रघुबीर यादव के हाथ से पंचायत की कुर्सी जाने के बाद उनके सामने नई परिस्थितियों से तालमेल बैठाने की चुनौती होगी। वहीं सचिवजी यानी जितेंद्र कुमार अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं, दोस्ती और पंचायत की बदलती राजनीति के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते नजर आएंगे। इस बार सचिवजी और रिंकी यानी संविका की प्रेम कहानी में भी नया मोड़ देखने को मिलेगा। नए प्रधानपति के सामने फुलेरा की जिम्मेदारी संभालने और खुद को साबित करने की चुनौती होगी। प्रचार दृश्य में गांव की राजनीति, रिश्तों की उलझन, हास्य और भावनात्मक प्रसंगों की झलक दिखाई गई है। पांचवें सीजन में जितेंद्र कुमार, रघुबीर यादव, नीना गुप्ता, सुनीता राजवर, फैजल मलिक, चंदन रॉय, संविका, दुर्गेश कुमार और अशोक पाठक अपने चर्चित किरदारों में नजर आएंगे। धारावाहिक का निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। इसकी रचना दीपक कुमार मिश्रा, चंदन कुमार और अरुणाभ कुमार ने की है, जबकि कहानी चंदन कुमार ने लिखी है। इसका निर्माण द वायरल फीवर ने किया है।

दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि पिछले चार सीजन में दर्शकों ने फुलेरा और उसके किरदारों को खूब प्यार दिया है। नए सीजन में कहानी को आगे बढ़ाने के साथ उसकी सादगी और वास्तविकता बनाए रखने का प्रयास किया गया है।

राष्ट्रीय बास्केटबॉल में आराध्या और दाक्षी दिखाएंगी दमखम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शहडोल की दो होनहार बास्केटबॉल खिलाड़ी आराध्या द्विवेदी और दाक्षी सिंह का चयन 14 वर्ष बालिका वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी शहडोल के गुड शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल में अध्ययनरत हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 9 से 12 दिसंबर तक तमिलनाडु के कोटागिरी में आयोजित होगी। इससे पहले चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 3 से 7 दिसंबर तक गुना में लगाया जाएगा। दोनों खिलाड़ियों का चयन गुना में 16 से 20 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। शहडोल संभाग की टीम ने अपने पूल के चारों मुकाबले जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

दाक्षी सिंह कक्षा छठवीं की छात्रा हैं और पिछले छह वर्षों से बास्केटबॉल का अभ्यास कर रही हैं। वहीं, कक्षा आठवीं की छात्रा आराध्या द्विवेदी पिछले 10 वर्षों से इस खेल से जुड़ी हैं। आराध्या इससे पहले दो राष्ट्रीय विद्यालयीन प्रतियोगिताओं और आंध्र प्रदेश में आयोजित खुली राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुकी हैं। संभाग में राष्ट्रीय प्रशिक्षक केके श्रीवास्तव और वीरेंद्र श्रीवास्तव खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण दे रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों के चयन पर अधिकारियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।




गुरुनानक देव जयंती पर निकली प्रभात फेरी, चालिया का समापन



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर अमृतवेला ट्रस्ट भोपाल द्वारा 15 अक्टूबर से आयोजित 'चालिया 2026' का समापन मंगलवार यानी 24 नवंबर को प्रभात फेरी के साथ हुआ। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए दरबार साहिब में संपन्न हुई। धार्मिक आयोजनों के साथ सेवा कार्य भी किए गए। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों की आंखों और दांतों की जांच व उपचार किया गया। रात भाई साहिब गुरप्रीत सिंह का विशेष लाइव कीर्तन हुआ।

गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं से जुड़ता समाज तो परिणाम कुछ और होते : महंत तुलसीदास



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः बैरागढ़ (एफ वार्ड) स्थित श्री गंगा धाम उदासीन दरबार में कार्तिक मास महोत्सव के अंतर्गत कार्तिक पूर्णिमा की पावन रात्रि में श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। रात्रि 1:20 बजे पालकी साहब के माध्यम से गुरु नानक देव जी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्षद राजेश हिंगोराणी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महंत तुलसीदास उदासी ने कहा कि यदि सिंधी समाज गुरु नानक देव जी की चमत्कारिक कथाओं से जुड़ने के बजाय उनकी वाणी और शिक्षाओं को जीवन में उतारता, तो आज समाज का स्वरूप और परिणाम कुछ और होते। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि सिख समाज ने गुरुवाणी का गहराई से अध्ययन कर उसे आचरण में उतारा, जबकि सिंधी समाज का जुड़ाव मुख्यतः चमत्कारिक प्रसंगों तक सीमित रहा। दोनों के आराध्य एक होते हुए भी इस दृष्टिकोण के अंतर से सामाजिक और आध्यात्मिक परिणामों में भिन्नता दिखाई देती है। महंत जी ने स्पष्ट किया कि चमत्कारिक कथाओं में अतिशयोक्ति हो सकती है, किंतु महापुरुषों की वाणी में निहित शाश्वत सत्य ही जीवन को सही दिशा देता है। महंत तुलसीदास जी ने भाई लहिणा जी का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने गुरु नानक देव जी की केवल महिमा का गुणगान नहीं किया, बल्कि उनकी आज्ञा और आदर्शों को पूर्ण निष्ठा से आत्मसात किया। इसी समर्पण के फलस्वरूप गुरु नानक देव जी ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, जो आगे चलकर 'गुरु अंगद देव जी' के रूप में प्रतिष्ठित हुए। महंत जी ने कहा कि आज जन्मोत्सव पर नाच-गाने और बाहरी गतिविधियां अधिक हावी हो गई हैं, जबकि गुरुवाणी पर मनन कम हो गया है। उत्सव अपनी जगह ठीक है, लेकिन शिक्षाओं के बिना उसका मूल उद्देश्य अधूरा है।

फोटो- गुरुनानक देव।

ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल द्वारा दिये जाने वाले राज्यस्तरीय पत्रकारिता पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। चार दशकों से प्रतिभावान पत्रकारों को प्रोत्साहित-पुरस्कृत करने की परंपरा का संचालन सप्रे संग्रहालय कर रहा है। पुरस्कृत होने जा रहे पत्रकारों का चयन डा. शिवकुमार अवस्थी, डा. रामाश्रय रत्नेश, डा. अल्पना त्रिवेदी, सुरेश गुप्ता और अरविंद श्रीधर की समिति ने किया है। सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र, कलम और पुस्तक भेंट की जाती है। यह पुरस्कार अगले माह समारोह पूर्वक प्रदान किये जाएंगे। इसके तहत संग्रहालय द्वारा दिये जाने वाले लोक संप्रेषण के लिए संतोष कुमार शुक्ल पुरस्कार से पूजा वर्धन निदेशक- समाचार, दूरदर्शन, भोपाल एवं राजेश बैन, संयुक्त संचालक जनसंपर्क को सम्मानित किया जाएगा। मीडिया शिक्षा सम्मान के लिए प्रोफेसर वान्या चतुर्वेदी, सेज युनिवर्सिटी, का चयन किया गया है। छायाकार गोविंद चौरसिया को होमी ब्यारावाला पुरस्कार दिया जाएगा।

हुक्मचंद नारद सम्मान- मनीष श्रीवास्तव, लाल बलदेव सिंह पुरस्कार- बृजेन्द्र ऋषिश्वर, माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार- सुमित पाण्डेय, जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार- मनोज सैनी, रामेश्वर गुरु पुरस्कार- देवेन्द्र शर्मा, जगत पाठक पुरस्कार- सुश्री सोना राजपूत, सुरेश खरे पुरस्कार- कन्हैया लोधी को दिया जाएगा। मनोज पाठक न्यू मीडिया पुरस्कार के लिए रीवा के जुझारू पत्रकार श्री कनिष्क तिवारी का चयन किया गया है।

टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर 4 दिसंबर को छात्रावासों में होंगे संवाद कार्यक्रमः मुख्यमंत्री

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जनजातीय नायक टंट्या मामा के बलिदान दिवस पर मध्य प्रदेश में 4 दिसंबर को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के छात्रावासों में जनजातीय विद्यार्थियों की सहभागिता से संवाद कार्यक्रम आयोजित हों। इनमें टंट्या मामा के जीवन, संघर्ष और योगदान पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टंट्या मामा जनजातीय समाज के लोकप्रिय नायक और मसीहा थे। अंग्रेजों ने उन्हें 4 दिसंबर 1889 को जबलपुर में फांसी दी थी। उनकी स्मृति में खरगोन में टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय भी स्थापित किया गया है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षकवृत्त 01 रापडिया तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.

क्रं.01/रा.नि./2026 भोपाल,दिनांक19/11/2026

सूचना-पत्र

प्रति,1- आर्याव्रत रियल्टी द्वारा भागीदार एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आलोक अरोरा पिता अजय कुमार अरोरा पता मिनी मॉल 15th फ्लोर ब्रिटिश पार्क छान 2 श्री रफीक मोहम्मद पुत्र सलीम मो. खान पता 42 बडवली मस्जिद जहांगीराबाद भोपाल 3 रामकेवल सिंह पुत्र भूरासिंह रेनू सिन्हा पत्नी विनयकुमार सुधादेवी पत्नी सुशील कुमार एवं रेणु सिन्हा पत्नी विनय कुमार सिन्हा व जन्मेजय कुमारसिंह पिता सरयूप्रसाद सिंह पता टी आई टी गोविन्दपुरा व 261 न्यू मिनाल रेसीडेंसी भोपाल 7- सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रं. 0193/अ-12/26-27 में आवेदक आर्याव्रत रियल्टी द्वारा भागीदार एवं अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता श्री आलोक अरोरा पिता अजय कुमार अरोरा पता मिनी मॉल फस्ट फ्लोर ब्रिटिश पार्क छान द्वारा ग्राम छान प.ह.न. 01 रा.नि.मं.01, रापडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रं.283, 284,285 रकबा क्रमश 0.4800 हेक्टेयर 0.5300 हेक्टेयर, 0.6800 हेक्टेयर कुल रकबा 1.6900 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, फील्डबुक, नक्शा, सूचना पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 30/11/2026 को समय 11:00 बजे आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबध में सूचना-पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है। **सूचना प्राप्ति के हस्ताक्षर करें**

राजस्व निरीक्षक कोलार

5007

कार्यालय सेनानी 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल

दूरभाष/फैक्स नं0-0755-2443748

Email: co25bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-25वी वाहिनी/विसबल/सा.अ.4173/2026 **दिनांक: 27/10/2026**

खुली निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुलिस मुख्यालय म0प्र0, भोपाल द्वारा इकाई को लेखाशीर्ष मांगसंख्या '4492-32-000 लघु निर्माण मद' आवंटित बजट राशि के अंतर्गत इकाई की डीजीपीआर कोत के पास नवीन शेड निर्माण का कार्य को खुली निविदा हेतु म0प्र0 ऑनलाईन ई-टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in/en पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। खुली निविदा विज्ञप्ति का ऑनलाईन प्रकाशन कार्यालय द्वारा जारी दिनांक से दिनॉक तक मान्य होगी, खुली निविदा विज्ञप्ति का प्रारूप निम्नानुसार हैं।

स. क्रं.	कार्य का विवरण	धरोहर राशि	निविदा दर	प्राक्कलन एजेंसी	प्रदाय कार्यालय (एफ.ओ.आर.)
01	इकाई प्रशासनिक भवन के पीछे की एम.टी. ऑफिस में पार्किंग शेड निर्माण का कार्य।	15000.00	1000.00	म.प्र.पु.आ. एवं अधो. विकास निगम भोपाल	सेनानी,25 वी वाहिनी विसबल भोपाल

01. खुली निविदा प्रपत्र दस्तावेजों को म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपलोड करना होगा।
02. खुली निविदा म.प्र. टेंडर पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन खोली जायेगी। 03. मध्यप्रदेश पुलिस की ऑनलाईन वेबसाइट https://www.mppolice.gov.in/en/tenders पर खुली निविदा की प्रपत्र, विस्तृत जानकारी डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगी।

04. समय सारणी :-

01 निविदा प्रकाशन दिनॉक	दिनॉक 24/11/26 समय 10:00 बजे।
02 निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का दिनॉक	दिनॉक 24/11/26 समय 10.00 बजे।
03 निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक	दिनॉक 24/11/26 समय 10.00 बजे।
04 निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक	दिनॉक 08/12/26 समय 16:00 बजे।
05 निविदा तकनीकि बिड खोलने का दिनांक	दिनॉक 09/12/26 समय 16.30 बजे।

05. निविदाकर्तागण से अनुरोध है, कि खुली निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि बेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे अतः वेबसाईट पर अद्यतन रहें। **06.** निविदा में दर्शायें दिनांक/समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी।

(नागेन्द्र सिंह)

जी-22002/26 **सेनानी, 25 वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**

कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला रायसेन (म.प्र.)

आंवला फलबहार की अल्पकालीन विज्ञप्ति

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि शासकीय उद्यान रोपणी वेरसला विकासखंड उदयपुरा जिला रायसेन के आंवला फलबहार का विक्रय निविदा प्रक्रिया द्वारा किया जाना है, फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 02.12.2026 दिन बुधवार को समय दोपहर 2:00 बजे से समय 4:00 बजे तक उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान रोपणी में उपस्थित होकर अपनी निविदा, निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा फार्म के साथ क्रेता को राशि रूपयें 2000/- (दो हजार रूपयें मात्र.) अग्रिम धरोहर नगद जमा करना होगा। निविदा उसी दिन समय 4:00 बजें निविदा कर्ताओं के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा में पर्याप्त राशि न आने पर उसी दिन खुली बोली के माध्यम से नीलामी की कार्यवाही की जावेगीं। निविदा डालने के पूर्व शासकीय उद्यान रोपणी में फलबहार का अवलोकन कर सकते है, एवं संतुष्टि के उपरांत ही निविदा, निविदा बाक्स में डालें। निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान से राशि 50/-रूपयें जमा कर, प्राप्त कर सकते है। **फलबहार का विवरण**

क्रं.	नाम फलबहार	पूर्ण फलन	अर्द्ध फलन	बिना फले	योग	अनुमानित उत्पादन
1	आंवला फलबहार	10	30	210	250	8 से 9 क्विंटल

सहायक संचालक उद्यान

जी-21991/26 **जिला-रायसेन म.प्र.**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)

NIT NO. 31/2026/Centralized Tender/G/CE(B) **JABALPUR, DATED- 19.11.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपर्युक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

क्रं.	पोर्टल टेंडर क्रं.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत पी.ए.सी (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समय वर्षाकाल सहित	कार्यालय का नाम जहाँ ई.एम.डी. एवं बिड प्राप्त की जावेगी।	निविदा की श्रेणी/ निविदा काल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWPIU_551482_1	अनुसूचित जाति 50 सीटर कन्या छात्रावास निवास जिला मंडला का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण)	382.85	382850/-	15000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर	लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण)
2	2026_PWPIU_551483_1	अनुसूचित जाति 50 सीटर कन्या छात्रावास नैनपुर जिला मंडला का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण)	382.85	382850/-	15000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता (भवन) लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर	लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण)

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 25.11.2026 समय 9.00 बजे से दिनांक 12.12.2026 समय 18.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किए जाएंगे, पृथक से सामाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)

जी-22004/26 **लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)**